# खाटू वाले तेरी नगरी में | by Sanjay Verma

खाटूवाले तेरी नगरी में रंग चढ़ा मस्ती का
तेरे चर्चे मैं सुनके दर पे तेरे आया हूँ

तेरी ग्यारस को जो भी दर पे तेरे आता है
बिन कहे श्याम मेरे सब वो तुझसे पाता है
करो नज़रे करम करो रहमो करम मैं पहली बार आया हूँ
खाटूवाले तेरी नगरी में .........

नहीं देखा कभी इन आँखों ने नज़ारा है
सारी दुनिया का स्वर्ग श्याम तेरा द्वारा है
ना कहीं जाऊँगा सरकार कहने आया हूँ
खाटूवाले तेरी नगरी में ..........

तुम बिन कौन सुनेगा मेरी कहानी को
नहीं कोई दूसरा करे जो मेहेरबानी वो
सुनाने हाल ए दिल अपना मैं चलके आया हूँ
खाटूवाले तेरी नगरी में ..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%97%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-by-sanjay-verma/